# DAV NUPPL Public School

## NUPPL Township, Ghatampur, Kanpur Nagar, UP-209206

**Assignment: Half yearly** **Class : VIII**

**Subject: Hindi** **Session: 2024-25**

## अपठित बोध

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनिए –**

कबीर ने समाज में रहकर समाज का बड़े समीप से निरीक्षण किया। समाज में फैले बाह्याडम्बर, साम्प्रदायिकता आदि का सटीक प्रमाण देकर ऐसा दृढ विरोध किया कि किसी की हिम्मत नहीं हुई जो उनके तर्कों को काट सके। कबीर का व्यक्तित्व इतना ऊँचा था कि उनके सामने टिकने की हिम्मत किसी में नहीं थी। उन्होंने समाज तथा धर्म की बुराइयों को निकलकर सबके सामने रखा। ऊँचा नाम रखकर संसार को ठगने वालों के नकली चेहरों को सबके सामने उजागर किया और कमजोरों को ऊपर उठाने का उपदेश देकर सबके सामने एक महान आदर्श प्रस्तुत किया। कर्म , सेवा, अहिंसा तथा निर्गुण मार्ग का प्रसार किया। कर्मकांड तथा मूर्तिपूजा का विरोध किया। अपनी साखियों के द्वारा समाज के लिए एक विशाल ज्ञानमार्ग खोला। उन्होंने कथनी - करनी की एकता पर बल दिया। कबीर एक महान युगदृष्टा, समाज सुधारक तथा महान कवि थे।

(1) कबीर की साखियों की क्या विशेषता है ?

(क) प्रामाणिक एवं तर्क आधारित (ख) संस्कृत आधारित

(ग) आडम्बरपूर्ण (घ) व्यर्थ

(2) कबीर ने किसका खूब विरोध किया ?

(क) समाज का (ख)जातिवाद एवं वाह्य आडम्बर का

(ग) दुर्जनों का (घ )अमीरों का

(3) कबीर का क्या आदर्श था ?

(क) ठगी नकली चेहरों को सबके सामने लाया (ख) कमजोरों को ऊपर उठाने का उपदेश दिया

(ग)विकल्प (क) और (ख) दोनों सही है (घ) सभी विकल्प गलत

(4) कबीर ने किस मार्ग का प्रसार किया ?

(क)मूर्तिपूजा का प्रसार (ख) समाज के लिए ज्ञानमार्ग का प्रसार

(ग) कर्मकांड का प्रसार (घ) निर्गुण-मार्ग का प्रसार

(5) **'कथनी और करनी एक होना'** मुहावरे का क्या अर्थ होगा ?

(क) कर्मकांडी होना (ख) ज्ञानी होना

(ग) बोलने और व्यावहारिकता में समानता (घ) जागरूक होना

**प्रश्न 2. निम्नलिखित  अपठित काव्यांश को पढ़कर उत्तर दीजिये –**

जिस मिटटी पर जन्म लिया ,
हम उसको नहीं भुलायेंगे।
अपने रंगों से भर – भर ,
हम इसको सदा सजायेंगे।
भारत देश हमारा है ,
हमको प्राणों से प्यारा है।
खून , पसीने , बलिदानों से ,
इसको सदा संवारा है।
लक्ष्मी , बापू , तिलक , लाल को
याद सदा हम रखते हैं।
हर बलिदानों के भावों से ,
तिलक रोज हम करते हैं।
बलिदान भले ही नन्हा हो ,
पर कभी नही बिसरायेंगे।
मिला कोई अवसर हमको,
हम बन उम्मीद दिखलायेंगे।
निज प्राणों को अर्पित कर,
जिसको आजाद कराया।
प्रेम प्रिय उस देश को हमने ,
सदा ही शीश नवाया ।
पूर्वजों की पावन धरती ,
को हम स्वर्ग बनायेंगे।

(1) कवि किसे न भुलाने की बात कर रहा है ?

(क) स्वयं को                (ख) दुश्मनों को

(ग) धरती माँ को                (घ) कवि को

(2) हमने भारत को किस प्रकार संवारा है ?

(क) पसीने से                (ख) खून से

(ग) बलिदानों से                (घ) सभी विकल्प सही हैं।

(3) लक्ष्मी, बापू, तिलक, को याद रखने की बात क्यों की गयी है?

(क) देशवासी होने के कारण                (ख) उनके बलिदानों के कारण

(ग) सभी विकल्प गलत हैं।                (घ) सभी विकल्प सही हैं।

(4) पद्यांश का कौन सा शीर्षक समानता रखता है ?

(क) मिटटी (ख) मातृभूमि (ग) देश (घ) स्वर्ग

(5 ) **'बलिदान'** शब्द का पर्याय क्या होगा ?

(क) न्योछावर (ख) बलि देना (ग) भाग जाना (घ) मर जाना

**प्रश्न 3. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर उत्तर दीजिये –**

हम पंछी उन्मुक्त गगन के
पिंजरबद्ध न गा पाएंगे ,
कनक तीलियों से टकराकर
पुलकित पंख टूट जायेंगे।
हम बहता जल पीनेवाले
मर जायेंगे भूखे – प्यासे,
कहीं भली है कटुक निबौरी

कनक **कटोरी** की मैदा से ,
स्वर्ण – श्रृंखला के बंधन में
अपनी गति , उड़न सब भूले ,
बस सपनों में देख रहे हैं
तरु की फुनगी पर के झूले।

(1) पंछी कब गीत नहीं सुना सकेंगे ?

(2) स्वर्ण श्रृंखला का क्या अर्थ होगा?

(3) कविता के लेखक का नाम बताओ?

(4) पक्षियों को कड़वे नीम का फल किससे अधिक प्यारा है ?

(5) पक्षी कहाँ झूला करते थे ?

(ज्ञान सागर)

**CHAPTER 6 : आश्रम के अतिथि और संस्मरण**

**ज्ञानसागर / अभ्यास सागर**

1. गाँधी जी ने किसलिए सिला हुआ कपड़ा पहनना छोड़ दिया?
2. आत्मशुद्धि के लिए लेख लिखने का कारण बताइए?
3. गाँधी जी केवल उपदेशक नहीं थे, कर्मयोगी थे। अपने शब्दों में लिखिए ।
4. रमेश रातभर **<u>चौकीदारी</u>** करता है। मोटे काले अक्षर में संज्ञा के भेद बताओ ।
5. जमीन शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

**CHAPTER 7: अन्याय के खिलाफ लड़ाई**

**ज्ञानसागर/अभ्यास सागर**

1. बैस्टीयन स्वभाव से बहुत क्रूर और अक्खड़ था। तर्क दीजिये।
2. कोया आदिवासी कौन थे? वे भारतीय सैनिकों का ध्यान किस प्रकार रखते थे ?
3. श्रीराम राजू ने आदिवासियों को गाँधी जी के बारे में क्या बताया ?

4.  वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखे जिसकी उपमा न हो
5.लड़का भाग गया। वाक्य के बचन बदलिए।
6.बच्चे धीरे -धीरे चल रहे थे। क्रिया विशेषण के भेद लिखिए।

**CHAPTER 8 : दोहे**

**ज्ञानसागर/ अभ्यास सागर**

1. म्यान का महत्त्व नहीं होता है, अपितु तलवार का होता है।
**कबीरदास इस दोहे में क्या कहना चाहते हैं?**
2. कठोर वचन किस प्रकार संबंधों को तोडता है?
3.स्वाति नक्षत्र की बूंद केला, सीप तथा सर्प मुख में गिरकर क्या क्या रूप धारण करती है ?
4.पाहून ज्यों आये हो गाँव में शहर के ।
मेघ आये बड़े बन ठन के संवर के ॥ **में अलंकार स्पष्ट कीजिए ।**
5.लूट लिया माली ने उपवन को । काव्य पंक्तियों में श्लेष अलंकार स्पष्ट कीजिए ।

**Chapter 9 जब भोलाराम ने पंप लगाया**

**1**-पंप लगवाने की प्रक्रिया के दौरान भोलाराम की सोच में क्या-क्या परिवर्तन आए होंगे बताइए ?

2- पाठ के माध्यम से लेखक ने कि सच्चाई को उजागर किया?

3- सिंचाई साहब ने ' नो - ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' प्राप्त करने की क्या प्रक्रिया बताई?

4-निम्नलिखित शब्दों के विशेषण शब्द बनाइए।

(I) भागना (II) पढ़ना (III) लड़ना (IV) लालच

**Chapter-10 बातचीत की कला**

1-बातचीत करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

2- अच्छी बातचीत से प्रत्येक समस्या का समाधान संभव है। कैसे?

3- बीरबल ने अपने किन गुना से तोते की देखरेख करने वाले की जान बचाई?

4-नीचे दिए गए शब्द युग्मो को पूरा कीजिए।

(I) शिक्षण ................ (II) रुचि.......... (III) देख............. (IV) सोचना.........

5 निम्नलिखित शब्दों में संधि विच्छेद कीजिए ।

(I)गिरीश (II)रेखांकित (III) शिवालय (IV) देवेंद्र

**प्रश्न 9**. किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए –

1 हमारा पर्यावरण 2 विद्यार्थी जीवन 3 समय की उपयोगिता

**प्रश्न 10**.अपने मोहल्ले की सफाई हेतु नगर निगम अधिकारी को एक पत्र 50-60 शब्दों में लिखिए।

**प्रश्न 11**.आपका मित्र आपके पड़ोस में रहता है। आप देखते हैं कि वह अपने घर का कूड़ा आपके घर के किनारे फेंकता है। अपने मित्र से हुई बातचीत की कल्पना कीजिये और स्वयं और अपने मित्र  के बीच की बातचीत को  अच्छे संवाद के रूप 50 – 60 शब्दों में लिखिए।

**प्रश्न 12**- नीचे दिए गये चित्र का वर्णन 50 – 60  शब्दों में कीजिये।

